प्रेस नोट

दिनांक- 18.05.2026

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

❖ **“ऑपरेशन मुस्कान” के अंतर्गत थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 02 नाबालिग पीड़ित/अपहृत बालकों को 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर उनके परिजनों की खुशियां लौटाई।**

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 16.05.2026 को समय करीब 16.25 बजे 02 बालकों की गुमशुदगी के संबंध में दिनाँक 17.05.2026 को दोनों अपहृत बालकों के पिता द्वारा गयी संयुक्त तहरीर के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 167/2026 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। जिस पर थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा **ऑपरेशन मुस्कान** के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त बालकों की बरामदगी हेतु अथक प्रयास, लगन व अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए गुमशुदा बालकों 1.पर्व सचान पुत्र रोहित सचान निवासी सिनेमा गली पुखरायां जनपद कानपुर देहात, उम्र 13 वर्ष, 2. अर्श पुत्र मो0अशफाक निवासी कस्बा व थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात, उम्र 11 वर्ष, को मुकदमा पंजीकृत किये जाने के 24 घण्टे के अन्दर दिनाँक 17.05.2026 को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामद गुमशुदा हुए बच्चों को निगरानी में लेकर कार्यवाही पूर्ण करते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चों को सकुशल पाकर परिवारजनों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कानपुर देहात पुलिस का आभार प्रकट किया गया तथा पुलिस टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

बरामद करने वाली थाना भोगनीपुर पुलिस टीम-

प्र0नि0 सतीश कुमार सिंह थाना भोगनीपुर,
उ0नि0 श्री वीरेन्द्र कुमार चौकी पुखरायाँ थाना भोगनीपुर,
म0का0 1156 प्रीती सिंह थाना भोगनीपुर,